तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 10 सितंबर 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

### मध्य क्षेत्र आदिवासी प्राधिकरण की बैठक कलेक्टोरेट में

# आज जिले में बैठेगी प्रदेश की सरकार सभी विभागों के मंत्री रहेंगे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लंबे समय बाद प्रदेश की सरकार अपने मंत्री मंडल सहित बुधवार को जिले में बैठने जा रही है। जहां कैबिनेट मंत्रियों के अलावा 12 जिलों के कलेक्टर और विधायक व विभागीय सचिव स्तर के अधिकारी सहित बड़ा अमला


सीएम विष्णुदेव साय


**खास बात**

- मुख्य सचिव सहित 12 जिले के कलेक्टर और विधायक होंगे शामिल

उपस्थित रहेंगे। अवसर रहेगा मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे। बीते एक सप्ताह से मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जोर शोर से तैयारियां चल रही थी। विभागीय योजनाओं के स्टॉल भी लगाए गए हैं।

मुख्यमंत्री सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक की शुरुआत करेंगे। इस अवसर पर मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत कोरबा, गोरेला- पेंड्रा-मरवाही, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, राजनांदगांव, बलौदाबाजार-भाटापारा, सारंगढ़-बिलाईगढ़, बालोद, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, कबीरधाम (कवर्धा), बिलासपुर, रायगढ़ एवं सक्ती जिला शामिल हैं। प्राधिकरण में 51 सदस्य एवं 24 विशेष आमंत्रित सदस्य हैं। जो प्राधिकरण की समीक्षा बैठक में शामिल होकर स्वीकृत कार्यों के संदर्भ अपने विचार, सुझाव एवं शिकायत रखते हैं। बैठक में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, गृहमंत्री विजय शर्मा सहित अन्य कैबिनेट मंत्री उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा लैंलूगा, खरसिया, धमरजयगढ़ पाली तानाखार, मरवाही, डौंडीलोहारा, मानपुर मोहल्ला, बिन्द्रानवागढ़, सिहावा, रामपुर, कोरबा और कटघोरा विधानसभा के विधायक उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही प्राधिकरण क्षेत्र अंतर्गत सभी जिलों के जिला पंचायत अध्यक्ष तथा आदिवासी विकास से जुड़े दो समाजसेवी तथा राज्य सरकार के द्वारा मनोनित सदस्य शामिल होंगे। वहीं बैठक में प्रमुख सचिव एवं मुख्यमंत्री के सचिव तथा मुख्य सचिव शामिल होंगे। जो प्राधिकरण के सदस्य हैं।

### सुरक्षा के मद्देनजर किया गया रोड डायवर्सन




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का बुधवार को एक दिवसीय कोरबा दौरा हो रहा हैं। मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर, यातायात पुलिस ने रोड डायवर्सन प्लान जारी किया है। कार्यक्रम में आने वाले लोगों के लिए वाहन पार्किंग करने के लिए भी कुछ स्थानों को चुना गया है।

### बैठक में प्राधिकरण मद से स्वीकृत होने वाले कार्य

0 आधारभूत नागरिक सुविधाओं के कार्य जिसमें सीसी रोड, पुल पुलिया पेयजल सुविधा, हार्ट बाजार, जैसे काम शामिल रहेंगे।
0 सामाजिक व सांस्कृतिक कार्य जिसमें सामुदायिक निर्माण, सांस्कृतिक भवन, कला मंच, चबुतरा निर्माण, शेड निर्माण, विद्युत व्यवस्था,
0 शैक्षणिक वातावरण का निर्माण जिसमें अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में शाला भवन, छात्रावास भवन, आश्रम में अतिरिक्त कक्ष, कन्या शालाओं में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य किया जाएगा।
0 स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण मरीजों के परिजनों के लिए भवन निर्माण शामिल है।

### लापता व्यवसायी मिला सकुशल

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अग्रसेन मार्ग स्थित साईं कुंज निवासी एवं कंप्यूटर जोन के संचालक अमित अग्रवाल के लापता हो जाने से परेशान परिजनों को राहत मिली है। नगर कोतवाल मोतीलाल पटेल ने बताया कि मध्यप्रदेश के बैतूल जिले से अमित अग्रवाल को सकुशल वापस ले आयी है तथा परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।






## खबर संक्षेप

### खनिजों का अवैध परिवहन करते 5 वाहन जब्त



**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं उप संचालक खनिज विभाग के मार्गदर्शन में जिले में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज अमला द्वारा सीपत, पंधी, देवरी, कौड़िया, सेंदरी, लोफन्दी एवं कछार क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। जहां कौड़िया क्षेत्र अंतर्गत बिना वैध अभिवहन पास के परिवहन कर रहे खनिज साधारण पत्थर लोड 5 ट्रैक्टर ट्राली वाहन को जब्त किया गया। अवैध परिवहन करते पाए गए वाहनों को पुलिस थाना सीपत की अभिरक्षा में रखा गया है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### ट्रेनें रद्द और विलंब से स्टेशन वीरान

**बिलासपुर।** लोकल ट्रेनों के रद्द और एक्सप्रेस ट्रेनों की लेट लतीफी के कारण दोपहर को बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन का प्लेटफार्म वीरान हो रहा है। रद्द और लेट लतीफी ट्रेनों के कारण यात्री हलाकान हो रहे हैं। मंगलवार को बिलासपुर आने वाली 22866 पुरी-मुम्बई एलटीटी साप्तहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस 3 घंटे, 20807 विशाखापट्टनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस 2 घंटे, 12101 मुम्बई एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस ज्ञानेश्वरी सुपरडीलक्स एक्सप्रेस 5 घंटे, 12262 हावड़ा-सीएसएमटी एसी दूरंतो एक्सप्रेस 9 घंटे, 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस 15 घंटे विलंब से बिलासपुर स्टेशन पहुंची। वहीं बिलासपुर से रायगढ़ के बीच चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ लोकल मेमू रद्द रही।

### जीएम ने की इंटरकाम एक्सप्रेस की ओपनिंग

**बिलासपुर।** रेलवे में दूरसंचार सेवाओं को अधिक आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए जोन के जीएम तरूण प्रकाश ने जोन मुख्यालय में जीएम इंटरकॉम एक्सप्रेस का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर जीपी खूंटे, मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल, अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। जीएम ने निर्देश दिया कि इस आधुनिक दूरसंचार सुविधा को शीघ्र ही रायपुर एवं नागपुर डिवीजन सहित रेल आवास में भी एकीकृत किया जाए, जिससे व्यापक स्तर पर रेल अफसरों एवं कर्मचारियों को लाभ मिले।

### प्रमुख स्टेशनों पर चला स्वच्छता अभियान

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के सभी प्रमुख स्टेशन पर नामित अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों ने गहन निरीक्षण कर स्वच्छता अभियान चलाकर स्टेशन परिसर, पटरियों में बेहतर सफाई तथा अपशिष्ट कचरे के उचित निष्पादन सुनिश्चित किया। इस दौरान क्लीन ट्रेन स्टेशन सीटीएस योजना के तहत किए जा रहे कार्यो की समीक्षा के अलावा सफाई कर्मचारियों को उपलब्ध कराए गए मशीनों एवं उनके सुचारू संचालन की जांच की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि इन सतत प्रयासों से रेल परिसर में न केवल स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा।

एक-दूसरे को चिट्ठी लिख रहा विभाग | बजट के अभाव में लटका कृत्रिम अंगों का वितरण व निर्माण

# 51 दिव्यांगों को डेढ़ साल से 'हाथ-पैर' का इंतजार, केवल चिट्ठी 'चल' रही

खास खबर

**बिलासपुर।** जिला पुनर्वास केंद्र में कृत्रिम अंगों के लिए आवेदन लगाकर जिले के 51 दिव्यांगों द्वारा पिछले डेढ़ साल से 'हाथ-पैर' का इंतजार किया जा रहा है। कृत्रिम अंगों की बदौलत आवेदक दिव्यांग कब तक चल सकेंगे यह तो किसी को नहीं पता, लेकिन बजट के अभाव से जूझ रहे पुनर्वास केंद्र की बीते डेढ़ साल से चिट्ठी जरूर चल रही है।

समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित जिला पुनर्वास केंद्र बीते डेढ़ वर्षों से दिव्यांगों को कृत्रिम अंग उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है। इसके पीछे प्रमुख कारण कृत्रिम अंगों के निर्माण या खरीदी के लिए विभाग के पास संसाधनों का उपलब्ध न होना एकमात्र कारण है। ऐसी हालत में विभाग उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर अपनी परेशानी बयां कर रहा है। जिला चिकित्सालय के पीछे स्थित जिला पुनर्वास केंद्र समाज कल्याण विभाग का वह विभाग है, जहां दिव्यांग जनों के लिए उनकी मांग एवं विभाग की प्राथमिकता के अनुसार उपकरण एवं कृत्रिम अंगों की व्यवस्था की जाती है। अंगों की व्यवस्था से पूर्व विकासखंड स्तर पर आयोजित शिविरों के माध्यम से चिकित्सकों द्वारा इस बात की जांच की जाती है कि जिन दिव्यांगों के द्वारा कृत्रिम अंगों की मांग की गई है, उन्हें अंग की आवश्यकता है या सर्जरी की। इसके आधार पर ही आगे की प्रक्रिया पूरी की जाती है। दिक्कत यह है कि इस पूरी प्रक्रिया को पार करने के बाद बीते डेढ़ साल से दिव्यांग चलने का संपना संजोए बस अपने कृत्रिम अंगों के आने की राह देख रहे हैं।





**खुद दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की वर्कशॉप**

जिला पुनर्वास केंद्र में ही उनका अपना वर्कशॉप है, जहां कृत्रिम अंग तैयार किए जाते हैं। कृत्रिम अंग बनाने वाले यहां पदस्थ कारीगर कांत राव सिलारपो की तीन साल पहले मृत्यु क्या हुई यह वर्कशॉप खुद दिव्यांग हो गया है। उनकी मौत के बाद विभाग ने अन्य कारीगर को बतौर विजिटर नियुक्त किया है, जो महीने में दो बार यहां आकर कृत्रिम अंगों का निर्माण किया करेंगे, लेकिन इनके भुगतान की भी कोई व्यवस्था नहीं हो पाने के कारण इनका आना बंद हो गया है। लिहाजा आज की स्थिति में कृत्रिम अंगों के निर्माण पर ब्रेक लग गया है व विभाग का वर्कशॉप धूल खा रहा है।

### ट्राईसिकल व व्हील चेयर भी खत्म, डिमांड भेजा

पुनर्वास केंद्र में ट्राईसिकल, व्हील चेयर, हियरिंग मशीन, बैसाखी जैसे मूलभूत उपकरण भी उपलब्ध नहीं हैं, जिसकी डिमांड शासन से की गई है। इस संबंध में विभाग द्वारा बीते दिनों कलेक्टर से मांग की गई थी, जिस पर गंभीरता से पहल करते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा फंड आने तक निराश्रित निधि से पांच लाख रूपए स्वीकृत किए गए थे। हालांकि स्वीकृति के बाद भी आज दिनांक तक उपकरणों की खरीदी या वितरण नहीं किया जा सका है।


### संचालक समाज कल्याण को भेजा गया पत्र

उपकरणों की डिमांड लगभग रोज ही आती है। हमारे पास जितने भी उपकरण उपलब्ध थे सारे वितरित किए जा चुके हैं। शेष के लिए डिमांड भेजा गया है। इसी तरह समग्र शिक्षा के माध्यम से आए दिव्यांग विद्यार्थियों के प्रकरण व पुनर्वास केंद्र के व्यस्क आवेदकों को मिलाकर कुल 51 आवेदक हैं, जिन्हें करीब सवा साल से कृत्रिम अंग नहीं मिल सके हैं। इसकी उपलब्धता या फंड की व्यवस्था के लिए भी संयुक्त संचालक व संचालक समाज कल्याण को पत्र भेजा गया है।

**-श्रद्धा मैथ्यू,** जिला पुनर्वास अधिकारी

महिला समृद्धि बाजार की 10 और बृहस्पति बाजार की तीन दुकानों पर लगाया गया ताला

# 15 सालों से जमा नहीं किया 18 लाख निगम ने 13 दुकानों को सील कर दिया



दुकान सील करते निगम के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए नगर निगम प्रशासन नेहरू नगर में महिला समृद्धि बाजार के लिए दो मंजिल के काम्प्लेक्स का निर्माण कराया। इसके एवज में लाखों रुपए खर्च किए गए। 93 दुकानें महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए प्रदान किया गया। दुकान संचालकों ने लेकिन 15 सालों से किराया जमा नहीं किया। इसके कारण करीब 80 लाख रुपए का किराया बाकी है।

- शटर पर सूचना चस्पा की गई, किसी भी किराएदार ने सील तोड़ी तो दर्ज होगी एफआईआर

निगम ने नोटिस के बाद इसमें से 10 दुकानों को सील कर दिया है। इसके साथ ही बृहस्पति बाजार की तीन दुकानों को भी सील किया गया है। दुकान सील करने के बाद शटर पर सूचना चस्पा की गई। कोई भी किराएदार बिना राशि पटाए दुकान पर लगी सील को तोड़ता है तो उसके खिलाफ पुलिस में अपराध पंजीबद्ध कराया जाएगा। मंगलवार की दोपहर पहुंची निगम और बाजार विभाग की टीम ने सभी लोगों को इतना समय दिया कि वे अपने जरूरी सामान दुकान से बाहर निकाल सकें। गौरतलब है कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए महिला समृद्धि बाजार बनाया गया। शुरूआत में महिलाओं को ही आवंटित किया गया। नगर ने इन दुकान संचालकों से आठ हजार रुपए जमा करवाकर दुकानों को आवंटित किया और आठ सौ रुपए किराया तय किया था। किराया की राशि हर तीन साल में 15 सौ रुपए बढ़ाने का नियम है लेकिन, किराया की राशि जमा करने में दुकान संचालकों ने ध्यान नहीं दिया और न ही निगम के कर्मचारी वसूली करने पहुंचा। यही वजह है कि किराया की राशि 80 लाख रुपए पहुंच गई है। निगम प्रशासन ने जुलाई 2022 में दुकान संचालकों को नोटिस जारी कर दुकान आवंटन को निरस्त करने की चेतावनी दी थी या समय रहते शेष राशि जमा करने के लिए कहा गया था। इसके बाद भी न राशि जमा की गई और न ही आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई हुई। रोजाना महिलाएं दुकान खोल रही हैं।

### नाम महिला का और चला रहे पुरूष

ज्ञात हो कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए महिला समृद्धि बाजार बनाया गया। शुरूआत में महिलाओं को ही आवंटित किया गया। वमर्तमान में अधिकांश दुकानों में पुरूषों का कब्जा हो गया है। पुरूष ही दुकानें चला रहे हैं। दूसरी ओर निगम अफसर नोटिस जारी कर शांत हो जाते हैं। नोटिस संबंधित दुकानों में भेजा गया था, लेकिन यहां दुकान संचालित करने वालों ने बताया कि उन्होंने दूसरे व्यक्ति से दुकान किराये पर ली है। इसके बाद निगम ने जब दुकानों के एलाटमेंट की फाइल खोली तो दुकानों के मालिकों के नाम और पित व पिता के नाम थे, लेकिन उनका पता और संपर्क नंबर तक नहीं था। दुकानों के बाहर नगर निगम अधिकारियों ने नोटिस चस्पा कराया था।

### इन दुकानों पर की गई कार्रवाई

गणेश नगर चौक के पास नगर पालिक निगम द्वारा महिला समृद्धि बाज़ार बनाया गया है जिसमें आबंटित दुकानों में से 10 दुकानदार जिनमें दुकान क्रमांक 53 कल्पना चाकी, 54 भावना शर्मा, 55- वैशाखी शाहा, 57- ज्योति सोनी,58 - पूनम भदराजा, 60 सुनीता देवी, 62- लक्ष्मी देवी,63 - जमुना सोनी, 64 लेखा चौधरी, 74 - सकीना भारमल की दुकानें सील की गईं है। निगम के मुताबिक महिला समृद्धि बाजार की दुकानों के किराए की बकाया राशि 14 लाख 55 हजार 655 रुपए है। इसी प्रकार बृहस्पति बाजार मे दुकान क्रमांक 6 जमुना देवी, 8 सालिकराम ,23 रजनी गुप्ता के नाम से आबंटित है को सील किया गया है। इन दुकानों से निगम को तीन लाख 9278 रुपए वसूलना है।

उसी स्थान पर एसएसपी ने किया था निरीक्षण

## नशीले इंजेक्शन बेचने आए थे महिला सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिस स्थान पर नशीले इंजेक्शन लगाने की शिकायत पर एसएसपी ने निरीक्षण किया था वहीं दो युवक प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन बेचने पहुंचे थे। पुलिस ने दोनों युवकों के साथ ही सप्लायर महिला को भी पकड़ लिया है। उनके पास से 114 नग इंजेक्शन बरामद किया गया है।

- 114 नग नशीले इंजेक्शन जब्त

पिछले दिनों सोशल मीडिया में जूनी लाइन ज्वाली नाला के पास नशेड़ियों के बैठकर नशे का वीडियों वायरल हुआ था। एसएसपी रजनेश सिंह ने गंभीरता से लेते हुए उक्त स्थान में जाकर निरीक्षण किया गया था। उस दौरान बड़ी संख्या में खाली इंजेक्शन के एम्पुल पड़े हुए मिले थे। प

लिस ने नशा करने वाले कुछ लड़ँकों को पकड़कर प्रतिबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की थी। उसके बाद से कोतवाली पुलिस ने वहां पर मुखबिर लगाकर रखा था। इसी दौरान टीआई देवेश सिंह राठौर को मुखबिर से सूचना मिली कि जूनी लाइन ज्वाली नाला के पास पल्सर क्रमांक सीजी 10 बीएन, 2344 में दो युवक इंजेक्शन रखकर बेचने के लिए आए हैं और ग्राहक का इंतजार कर रहे है। श्री राठौर ने गोकूल जांगड़े, धीरेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र तोमर के साथ मौके पर दबिश दी तो दूर से पुलिस गाड़ी को देखकर दोनों युवक बाइक से भागने लगे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस ने पीछा कर दोनों युवकों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 62 नग नशीले इंजेक्शन मिला। कड़ाई से पूछताछ करने के बाद दोनों युवकों के द्वारा इस इंजेक्शन को घुटकू की एक महिला से खरीदना बताय गयाा। पुलिस ने एण्ड टू एण्ड कार्रवाई करते हुए घुटकू में दबिश देकर महिला को पकड़कर उसके पास से 52 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया है। पुलिस ने महिला सहित तीनों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पकड़े गए आरोपी

- निकेत वस्त्रकार पिता रामावतार वस्त्रकार 23 साल घुटकू नयापारा
- जयंत वस्त्रकार पिता शिवकुमार वस्त्रकार 22 साल घुटकू नयापारा
- दुर्गा वर्मा पति अश्वनी वर्मा 31 साल घुटकू गोदाम मोहल्ला

## सड़कों के बीच खड़े खंबे, हटाने के लिए योजना का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मार्ट सिटी बने शहर में अभी भी बेतरतीबी से लगाए गए खंबे लोगों के लिए मुसीबत साबित हो रहे है, सालों से लगे खंबों में जहां तारों का जाल मंडरा रहा है, वहीं बीच सड़क पर होने के कारण इससे हादसे का खतरा बना हुआ है लेकिन विभाग को इन्हें हटाने की फुर्सत नहीं है। अब अधिकारी बजट और फंड की कमी के चलते इसे जस का तस छोड़ चुके है।

- फंड की कमी,हादसे की आशंका को कर दिया गया नजरअंदाज

शहर के कई सड़कों पर बेतरतीबी से लगाए गए खंबे लोगों की जान ले सकते है। सड़कें चौड़ी होने के बाद बिजली के बड़े-बड़े खंबें सीधे सड़क के बीचों बीच दिखाई देती है, जिससे जान और माल दोनों को नुकसान पहुंच सकता है, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी इसे किनारे लगाने के लिए योजना का इंतजार कर रहे है। दरअसल विभाग के पास फंड की कमी है, ऐसे में इन खंबों को हटाने के लिए मद की जरूरत है, विभाग की हालत पहले से ही पतली है, जिसके चलते खंबें नहीं हट रहे है। शहर में अमेरी से नेहरू नगर मार्ग, वेयर हाउस रोड, करबला से बसस्टैंड रोड, इंदू चौक, मगरपारा, मंगला, अग्रसेन चौक, सरकंडा मुख्य मार्ग जैसे जगहों पर आम लोगों को आसानी से सड़क पर बिजली के खंबे दिखाई देते है लेकिन विभाग के अधिकारी इसे देखकर भी अनदेखा कर चुके है।



वेयर हाउस रोड पर लगे खंबा।



नेहरू नगर जाने वाली सड़क पर लगे खंबे।

### ये है विडंबना

खास बात यह है कि महज खंबें ही सड़क पर नहीं लगे है, कई ट्रांसफार्मर और जक्शंन बाक्स भी सड़क पर ही दिखाई दे रहे है। दरअसल पहले सड़कें संकीर्ण थी, बेजाकब्जा कर लोगों ने मकान और दुकान बनाए थे, लेकिन हाल ही में नगर निगम द्वारा शहर की कुछ सड़कों को झुग्गी और अवैध कब्जे से मुक्त कर दिया है, जिसके बाद बिजली के खंबे सड़क पर दिखने लगे है। विभाग इसे हटाने का प्रयास तक नहीं कर सका है।

### चिन्हांकित कर हटाएंगे

फंड की कमी रहती है, लेकिन दुर्घटनाकारी खंबों को हटाने के लिए किसी तरह की बाध्यता नहीं है। सर्वे कराकर ऐसे खंबों को चिन्हांकित किया जाएगा और हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

**-श्रीनिवास राजू,** अधीक्षण यंत्री, विद्युत विभाग

## बाइक की डिक्की से ढाई लाख चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** व्यापारी के बाइक की डिक्की से 2.50 लाख रुपए चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से 1 लाख 90 हजार रुपए जब्त किया गया है। शेष रकम जुआ शराब में खर्च कर देना बताया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

- आरोपी से 1 लाख 90 हजार रुपए जब्त

कोरबा उरगा सुखरीकला निवासी किराना व्यापारी महावीर साहू पिता स्व. टीकाराम 23 अगस्त को बाइक क्रमांक सीजी 11 एव्ही, 2136 से सामान खरीदने व्यापार विहार आ रहे थे। उन्होंने फोन कर व्यापार विहार में मजदूरी करने वाले सुंदरलाल धीवर को मिलने के लिए गुरूनानक चौक बुलाया। गाड़ी लोड कराने के लिए व्यापारी साहू ने बाइक की डिग्गी से 2.50 लाख की गड्डी निकालकर 1000 रुपए दिया। उसके बाद नोटो की गड्डी डिक्की में रखकर उसे व्यापार विहार जाने के लिए बाइक में बैठने को बोला। इसी दौरान उक्त युवक होशियारी दिखाते हुए डिक्की से नोटो की गड्डी चोरी कर भाग गया था। मंगलवार को टीआई अभय सिंह बैस ने स्टाफ के साथ जांजगीर में दबिश देकर जांजगीर चांपा कोसमंदा निवासी सुंदरलाल धीवर पिता गोपाल प्रसाद धीवर 35 साल को पकड़ लिया है। उसके पास से 1 लाख 90 हजार रुपए बरामद किया गया है। चोरी करने के बाद उसने अपना 40 हजार देकर कर्जा चुकाया था, जिसे भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

## कुम्हारों के लिए गांवों में 5 एकड़ भूमि आरक्षित कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** कुम्हारों के लिए प्रत्येक गांव में मिट्टी की कार्य कराने के लिए 5 एकड़ भूमि आरक्षित करने की आदेश जारी करने के बावजूद आज तक जिले के गांव में भूमि आवंटित नहीं किए जाने को लेकर कुम्हार समाज पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पहल कराने की मांग की है।

कुम्हार समाज के जिला अध्यक्ष शंकर प्रजापति के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की निर्देश पर राजस्व विभाग के अवर सचिव विलियम कुजूर ने भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 237 का हवाला देते हुए 26 सितम्बर 2006 को आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ग्राम पंचायत में कुम्हारों के लिए 5 एकड़ भूमि आरक्षित करने की आदेश जारी किया है। मामले में राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव नीलम नामदेव एक्का ने 20 अप्रैल 2023 को आदेश जारी कर राज्य के समस्त कलेक्टर को निर्देशित करते हुए कुम्हारों के लिए मिट्टी कार्य प्रयोजन के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कुम्हारों के लिए 5 एकड़ भूमि आरक्षित करने के लिए फिर से आदेश जारी कर कलेक्टरों को निर्देशित कर जिले के तहसीलदार द्वारा तहसील स्तर पर सर्वे कराकर आरक्षित भूमि करने कहा गया था। कुम्हार समाज के लिए सरकार कई बार आदेश जारी करने की बावजूद जिले के कलेक्टर इस मामले में गंभीर नहीं ले रहे हैं। समाज के लोगों ने गांव में 5 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की मांग की है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष घासी राम प्रजापति, सुहांग प्रजापति, शिवनाथ प्रजापति, परमेश्वर प्रजापति सहित अन्य मौजूद थे।

## एसईसीएल बिश्रामपुर में पदस्थ 11 सुरक्षाकर्मियों को पदोन्नति

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ 86 सुरक्षाकर्मियों को कंपनी प्रबंधन ने पदोन्नति प्रदान की है जिनमें से बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थ 11 सुरक्षा कर्मी इस सूची से लाभान्वित हुए हैं,बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थ प्रधान सुरक्षा प्रहरी राम सिंह के सहायक सुरक्षा उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर आज मंगलवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में डॉ संजय सिंह व महाप्रबंधक संचालन जीके रॉय ने राम सिंह के कंधे में स्टार लगा कर पदोन्नति की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर अधिकारियों ने सहायक सुरक्षा उपनिरीक्षक को ईमानदारी से कंपनी के हित में कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह सहित सहित अन्य लोग उपस्थित थे,गौरतलब है कि 6 सितंबर को कंपनी मुख्यालय से जारी प्रमोशन सूची में 36 सुरक्षा प्रहरियों को वरिष्ठ सुरक्षा प्रहरी जबकि 44 वरिष्ठ सुरक्षा प्रहरियों को प्रधान सुरक्षा प्रहरी, वहीं 6 प्रधान सुरक्षा प्रहारियो को सहायक सुरक्षा उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है,सभी पदोन्नत कर्मियों के लिए 6 माह की परिवीक्षा अवधि निर्धारित की गई है।

## ओवरटेक को लेकर कार व बाइक सवार के बीच विवाद

बिलासपुर। कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रम के बाद ओवरटेक को लेकर कार व बाइक सवार युवकों के बीच विवाद हो गया। इस पर बाइक सवार युवक ने कार सवार युवक पर चाकू से हमला कर दिया। चाकूबाजी की वारदात से मुख्य मार्ग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के 8 लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

- युवक पर चाकू से हमला

मंगलवार को मुंगेलीनाका मैदान में कांग्रेस पार्टी कार्यक्रम चल रहा था। कार्यक्रम सपन्न होने के बाद मंदिर चौक निवासी राजीव बघेल अपने दोस्त के साथ बाइक व मसानगंज निवासी शेख ताहिर अपने साथियों के साथ कार से निकल रहे थे। ओवहरटेक करने व घूर घूर के देखने को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष के एक दूसरे के साथ मारपीट करने लगे। बाइक सवार राजीव बघेल ने कमर में दबाकर रखे चाकू निकालकर शेख ताहिर पर हमला कर दिया। जिससे उसके हाथ में चोट आई है। सरेराह चाकूबाजी व मारपीट से मुख्य मार्ग में हड़कंप मच गया। कार सवार युवकों ने चाकू से हमला करने वाले युवक को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्ष से घायलों को थाने ले जाकर मुलाहिजा कराया गया है। पुलिस ने एक पक्ष से हमलावर राजू बघेल, प्रतीक, आकाश, पवन, प्रांजल, विक्रम व दूसरे पक्ष से शेख, ताहिर, मोहम्मद हसन को गिरफ्तार कर दोनों पक्ष की रिपोर्ट पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।



### वीडियो में दिख रहा चाकू

चाकू से हमला होने पर मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ लग गई और मोबाइल से वीडियो बनाने लगे और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। जिससे राजीव बघेल कमर में चाकू दबाए नजर आ रहा है। वहीं दूसरे पक्ष के युवक के पास चाकू गिरते नजर आ रहा है।

### ओवरटेक को लेकर विवाद

कार्यक्रम संपन्न होने के बाद शामिल होने आए युवकों के बीच ओवहरटेक की बात को लेकर आपसी विवाद हुआ है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की और हाथ में रखी नुकीली वस्तु से चोट पहुंचाई गई है।

**-निमितेश सिंह परिहार**
सिविल लाइन सीएसपी

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय भैसमा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मनाई गई रजत जयंती

**मड़वारानी।** स्व. प्यारे लाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैसमा के 25 वर्ष पुर्ण होने पर रजत जयंती समारोह का आयोजन महाविद्यालय में 9 से 12 सितंबर तक कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित है। इस कड़ी में एल्युमनी में छत्तीसगढ़ रजत महोउत्सव कार्यक्रम शासकीय महाविद्यालय भैसमा में आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति वन श्रीमती सावित्रि अजय कंवर उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रचार्य डॉ साधना खरे, डॉ जेएल चौहान सर कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ, अर्चना दिवान ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्री टंडन थे एवं महाविद्यालय के स्टाफ डॉ अनुराधा तिर्की, श्रीमति श्वेता शुक्ला, रविंद्र कुमार ध्रुव, डॉ नंदनी सोनी, राजू कंवर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में पूर्व छात्र मनीष एस पन्ना, विकास रवि यादव, मृत्युंजय यादव, शुभम शर्मा, अजय कंवर, राहुल बघेल, ममता यादव, मोनिका पाटले, ममता टंडन, अजय सोनवानी, जगन्नाथ बंजारे और बड़ी संख्या में पूर्व छात्रों की विशेष रूप से उपस्थित थे। सभी छात्राओं ने अपना अपना अनभव के बारे में बताया।

### एकल शिक्षकीय विद्यालय पठियापाली में शिक्षिका की पदस्थापना

**कोरबा।** करतला ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पठियापाली प्राथमिक शाला में विद्यार्थियों की कुल दर्ज संख्या 32 है। यहाँ पढ़ाई करने वाले ज्यादातर विद्यार्थी अनुसूचित जनजाति परिवार से है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर अतिशेष शिक्षकों के समायोजन के पश्चात जिले के सैकड़ो विद्यालय में विद्यार्थी लाभान्वित हुए हैं। इस कड़ी में पठियापाली के प्राथमिक शाला में भी शिक्षक की कमी खत्म हुई। युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया के बाद स्कूल में एक अन्य शिक्षिका पदस्थ की गई। विद्यालय के प्रधानपाठक श्री जवाहर सिंह ने बताया कि पूर्व में यह विद्यालय एकलशिक्षकीय था। एकलशिक्षकीय विद्यालय में पढ़ाई कराने में समस्या का सामना करना पड़ता था। अब यहाँ एक शिक्षिका सविता पैंकरा पदस्थ हुई है। उनके यहाँ पदस्थ होने के बाद विद्यार्थियों की पढ़ाई आसान हो गई है। बच्चों की नियमित कक्षाएं लग रहीं है। अभिभावक एवं ग्रामीणों में भी विद्यालय में नई शिक्षिका की नियुक्ति से अपने बच्चों की पढ़ाई की चिंता दूर हुई है। सभी राज्य सरकार की युक्तियुक्तकरण नीति की सराहना करते हुए बच्चों के बेहतर भविष्य के प्रति आशान्वित हैं।

### 15वें वित्त की राशि आवंटन में भेदभाव कलेक्टर से कार्रवाई की मांग



**कोरबा।** जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा में 15वें वित्त की राशि आवंटन को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता जा रहा है। जनपद क्षेत्र क्रमांक 04 (पाली), 07 (कोरबी), 13 (लैंगा), 16 (रावा) एवं 22 (लालपुर) के सदस्यों द्वारा भेदभावपूर्ण रवैये की कलेक्टर से शिकायत कर कार्यवही की मांग की गई है। इस संबंध में पाली-तनखार विधायक तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम ने कलेक्टर को पत्र लिखकर नाराजगी जताई है। विधायक श्री मरकाम ने कहा है कि जनपद पंचायत पोंड़ीउपरोड़ा में अधिकारियों की मनमानी और भेदभावपूर्ण कार्यशैली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मांग की कि जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए और लंबित 15वें वित्त की राशि का तत्काल वितरण सुनिश्चित किया जाए। विधायक श्री मरकाम ने कहा कि इससे पहले भी धरना-प्रदर्शन और ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया गया था, लेकिन कार्रवाई न होना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र निराकरण नहीं हुआ तो इस मामले को लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जनपद सदस्यों की ने कहा कि शासन-प्रशासन की लापरवाही से विकास कार्य ठप हो गए हैं। कई पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं के लिए लोग परेशान हैं। उनका कहना है कि विधायक की पहल से अब उम्मीद जगी है कि जल्द न्याय मिलेगा।

## सामूहिक रूप से जैविक चावल के मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग हेतु दिए निर्देश

# विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

संचालनालय कृषि छग से पहुंचे संचालक कृषि राहुल देव, संयुक्त संचालक कृषि कपिल देव दीपक, सहायक संचालक कृषि

**खास बात**

- कृषि में आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करें सुनिश्चित

हर्ष मिश्रा एवं बिलासपुर संभाग स्तर से संयुक्त संचालक कृषि एमके चौहान द्वारा जिले के ग्राम पतुरियाडांड में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत आयोजित मक्का फसल प्रदर्शन, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत ग्राम केंदई, विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा में आयोजित प्राकृतिक धान फसल (सुगंधित धान किस्म जिराफुल) एवं विकासखंड पाली के ग्राम नवापारा में धान बीज उत्पादन कार्यक्रम किस्म एमटीयू 1156 और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन अंतर्गत पंक्तिबद्ध धान रोपाई का प्रक्षेत्र निरीक्षण किया गया।



ग्रामीणों से चर्चा करते कृषि विभाग के संचालक।

विभिन्न योजनांतर्गत आयोजित फसल प्रदर्शन अंतर्गत बीज सहित अन्य आदान सामग्री का समय पर उपलब्ध कराते हुए योजना के दिशा निर्देश अनुसार, व्यय नॉर्म्स और आधुनिक तकनीकों को अपनाते हुए फसल प्रदर्शन आयोजित सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनके द्वारा कृषक नानराम पिता काशीराम ग्राम पतुरियाडांड के 5 एकड़ में आयोजित मक्का फसल प्रदर्शन (किस्म हाइब्रिड एडीवी 756) की तारीफ की गई। साथ ही वृद्ध अवस्था में कृषि के प्रति लगाव को देखते हुए उनको पुष्पगुच्छ भेंट कर संचालक कृषि द्वारा प्रोत्साहन किया गया। ग्राम केंदई में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत संचालित सुगंधित धान फसल प्रदर्शन का भ्रमण के दौरान अम्बे स्वयं सहायता समूह के महिला सदस्य, सरपंच, कृषक मित्र एवं अन्य उपस्थित किसानों को सामूहिक रूप से जैविक धान उत्पादन कर उचित मूल्य पर विक्रय करने हेतु मार्केटिंग के लिए विशेष प्रयास करने निर्देशित किया गया। उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती अंतर्गत कम लागत और उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से विष रहित फसल उत्पादन हेतु रासायनिक खेती और प्राकृतिक खेती से होने वाले लाभ का तुलनात्मक जानकारी देते हुए स्थानीय पर्यटन क्षेत्र के आधार पर ब्रांडिंग कर मार्केटिंग करने साथ ही वेबसाइट के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने किसानों को जागरूक और प्रेरित किया गया। ताकि ग्रामीणों उनके उत्पाद का अधिकतम मूल्य प्राप्त हो सके। एवं ग्राम को जैविक फसलों के उत्पादन के क्षेत्र में विशेष पहचान मिल सके। ग्राम नवापारा, ब्लॉक पाली मे किसानों के द्वारा 50 हेक्टेयर में 10 वर्ष के अंदर की किस्म एमटीयू 1156 धान बीज उत्पादन कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। किसानों के मांग अनुसार उप संचालक कृषि कोरबा को जिला खनिज न्यास मद या परियोजना मद या अन्य योजना अंतर्गत सिंचाई जल की व्यवस्था हेतु नलकूप खनन कराने निर्देशित किया गया। कृषि यंत्र की सुविधा हेतु कस्टम हायरिंग सेंटर या कृषि यंत्र सेवा के लिए विशेष प्रयास करने निर्देशित किया गया।

## विद्युत ठेका श्रमिक विकास संगठन की बैठक में लिए गए अनेक निर्णय




प्रदर्शन करते ठेका श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ विद्युत ठेका श्रमिक विकास संगठन के तत्वधान में रायपुर में बैठक आयोजित किया गया था जिस पर प्रदेश भर से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत ट्रांसमिशन कंपनी व छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कर्मचारियों ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफलता प्रदान किया। संगठन के पदाधिकारियों का कहना हैं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विभाग कर्मचारियों के साथ अनदेखी कर रही हैं। कर्मचारियों का शोषण हो रहा हैं और बोर्ड मुख दर्शक बने देख रहा हैं। सालों से मिलने वाले लिव वेसेज को हटा कर कर्मचारियों के वेतन पर सीधा प्रहार किया हैं। 20 सालों से ठेका श्रमिक कार्य रहे है किंतु विभाग द्वारा उनके वेतन बढ़ाने पर ध्यान नहीं दिया जाता हैं। पदाधिकारियों ने आगे बताया कि इस बैठक में 3 महत्वपूर्ण मांगो पर समस्त सदस्यों ने अपनी अपनी सहमति जताई हैं संगठन की मांग हैं कि बोर्ड द्वारा लिव वेसेज लागू करे या लागू ना करने की स्थिति में राष्ट्रीय पर्व पर अवकाश दिया जाए, उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की तर्ज पर निगम बोर्ड के द्वारा कर्मचारियों का न्यूनतम वेतनमान 20 हजार मासिक किया जाए, 62 साल की जॉब सुरक्षा प्रदान करें ताकि कर्मचारी बिना किसी हिचक का 62 साल तक कार्य कर सके। उपरोक्त मांगो पर बोर्ड शीघ्र से शीघ्र विचार करें अन्यथा पूरे प्रदेश में हड़ताल की स्थिति निर्मित होगा जिसका जिम्मेदार स्वयं प्रबंधन होगा।

# गौमाता चौक-उरगा बायपास पर राखड़ वाहनों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




शहर के प्रमुख मार्गों में से एक गौमाता चौक से उरगा जाने वाली बायपास रोड इन दिनों राखड़ ढोने वाले भारी वाहनों से बुरी तरह प्रभावित हो चुकी है। रोजाना सड़क पर ओवरलोडेड ट्रक खड़े रहने से घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क और बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है। इससे आम जनता विशेषकर स्कूली वाहन और एंबुलेंस जैसी जरूरी सेवाएं भी फंस जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस समस्या की ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहे हैं। सड़क पर जगह-जगह बने गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। आए दिन मोटरसाइकिल और कार चालकों को हादसों का शिकार होना पड़ता है। इसके बावजूद आरटीओ प्रशासन राखड़ ट्रकों की ओवरलोडिंग और अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने से कतराता नजर आ रहा है। लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर समय रहते ट्रकों की अनियंत्रित आवाजाही पर लगाम नहीं लगाई गई तो बायपास रोड पूरी तरह से जाम और खतरनाक मार्ग में तब्दील हो जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने शासन-प्रशासन से तत्काल पहल कर समाधान की मांग की है ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# जीएसटी 2.0 विकसित भारत बनाने का बड़ा कदम : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने जीएसटी संसोधन 2.0 को विकसित भारत बनाने की ओर बड़ा कदम बताते हुए कहा कि इसस आम जनता को लाभ मिलेगा। लोगों की क्रय क्षमता बढ़ने के साथ इसके बेहतर परिणाम आने वाले कुछ महीनों में नजर आयेंगे। वर्तमान में जब से जीएसटी लागू हुई है तब से आज तक 85 लाख लोगों ने टैक्स देने के दायरे में जोड़ा गया है। बीते 70 साल में यह संख्या 6 लाख थी जो टैक्स देती थी।

श्री कौशिक प्रेसक्लब तिलक भवन में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़े निर्णय के लिए जाने जाते हैं। उनके सामने कई एजेंडें हैं, पूर्व में अलग अलग प्रकार के टैक्स लगा करते थे। जीएसटी लागू होने के बाद वर्ष 2017 से टैक्स के 4 स्लैब तैयार किए गए थे। जीएसटी काउंसलिंग होने की बैठक में चार तरह के स्लैब को लेकर राज्यों से सहमति बनायी गई और फिर सर्वसम्मति से जीएसटी 2.0 का निर्णय लिया गया। 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत का स्लैब रह गया है। केंद्र सरकार को मिलने वाली जीएसटी संग्रहण से राज्यों को प्रोत्साहन राशि दी जाती है। छग में 6 हजार 2 सौ करोड़ रुपए प्रोत्साहन राशि के रुप में मिले हैं। जीएसटी से आर्थिक सुधार की ओर कदम बढ़ाए गए हैं।




पत्रकारवार्ता में जानकारी देते विधायक धरमलाल कौशिक।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में सकल संग्रहण 22.8 प्रतिशत है जिसमें चार गुना वृद्धि हुई है। जीएसटी 2.0 से कोयला में लगाए जाने वाला शेष 2025 तक जारी रहेगा। उसके बाद कोयले में लगने वाले शेष समाप्त होगा। इससे 3 से 4 हजार करोड़ का लाभ होगा। जीएसटी के पूर्व 17 प्रकार के टैक्स और 17 प्रकार का शेष लगा करते थे। अब इन सबसे राहत मिलेगी। प्रेसवार्ता में महापौर संजूदेवी राजपूत, जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल मोदी, जोगेश लांबा, डॉ राजीव सिंह आदि उपस्थित थे।

# एसईसीएल के सेवानिवृत्त कर्मी के घर चोरी, पुलिस जुटी जांच में



घटनास्थल की जांच करते पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल से सेवानिवृत हुए एक कर्मी के सूने मकान में धावा बोलकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने घर से क्या-क्या सामानों की चोरी की है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। चोरी की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी और मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। मकान मालिक के आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि चोरों ने मकान से क्या-क्या सामानों की चोरी की है।

मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र के सुभाष ब्लॉक कॉलोनी की है। यहां सुभाष ब्लॉक कॉलोनी के मकान में रमाकांत शर्मा का परिवार निवास करता है जो एसईसीएल से सेवानिवृत्त हो चुके हैं। बताया जाता है वह किसी काम से परिवार सहित बाहर गए हुए थे इस दौरान उनके घर में ताला लगा हुआ था। सूनेपन का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने रात को ताला तोड़कर अलमारी को पूरी तरह से खंगाल लिया और घर में रखे सामान सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली है। सुबह जब घर का ताला टूटा हुआ जब पड़ोसियों ने देखा तो इसकी सूचना रमाकांत शर्मा को दी गई और चोरी की सूचना पाते ही मानिकपुर चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस के मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन कुमार पटेल ने बताया कि मकान में अभी कितने की चोरी हुई है यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मकान मालिक रमाकांत शर्मा के आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। हालांकि रमाकांत शर्मा ने पुलिस को जानकारी दी है कि घर में सोने चांदी के जेवरात नहीं थे।

# वेदांत व आशी ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



अग्रसेन जयंती के पूर्व अग्रवाल सभा के नेतृत्व में अग्रवाल महिला मंडल व नवयुवक मंडल के द्वारा प्रतिदिन विभिन्न विभिन्न प्रतियोगिताये आयोजित की जा चुकी है जो कि काफी रोमांचिक होता है आज जो प्रतियोगिताये आयोजित की गई उनमें मुख्य रूप से लूडो सिंगल, लूडो डबल के सांथ नोट गिनो प्रतियोगिता आयोजित की गई आयोजित सभी प्रतियोगिताओ में समाज के सभी वर्ग के लोग बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे है लूडो प्रतियोगिता में बड़ो बड़ो को मात देते हुए लूडो सिंगल में वेदांत गर्ग प्रथम व आशी अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे जबकि दूसरी ओर प्रतियोगी अधिक होने की वजह से शेष प्रतियोगिताओं के रिजल्ट शेष रहे जिनमे मुख्य रूप में लूडो डबल व नोट गिनो के रिजल्ट बाकी रहे सभी आयोजन काफी रोमांचक रहा आयोजन में सभा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ज्योति सहित महिला मंडल व नवयुवक मंडल के सभी पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित रहे।

# अग्रसेन जयंती पूर्व बाल मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



महाराज अग्रसेन जयंती के पवान अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता के साथ अग्रवाल सभा के द्वारा अयोजित किया जा गया है जिसमें मंगलवार को श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय अग्र फन फैस्ट (बाल मेल) का भव्य रूप से अयोजन किया गया इस अवसर अग्रवाल महिला मंडल की पूर्व अध्यक्षों व अग्रसेन नवयुवक मंच पूर्व अध्यक्षों का सम्मान समारोह का अयोजन किया गया जिसमें दोनों समिति के सदस्यों ने पूर्व अध्यक्षों का सम्मान किया गया। बाल मेले में फैमिली फोटो के तहत पूरे परिवार के साथ फैमिली फोटो सैल्फी जोन बनाया गया जिसमें परिवार के साथ एक फोटो में अग्रबन्धुओं ने काफी रूचि दिखाई, बाल मेले में अग्रबन्धुओं महिलाओं व बच्चों के द्वारा काफी मनोरंजक स्टाल के साथ साथ झूले भी लगाये गये थे जिसका बच्चों ने काफी आनंद लिया इसके साथ ही विभिन्न सामानों के भी स्टाल नजर आये जिसमें अग्रबन्धुओं ने खरीदी की गई साथ ही व्यजनों के भी स्टाल अपनी खुषबु बिखरेते रहे इस अवसर पर अनेकों मनोरंजन कार्यक्रम के साथ ही बाल मेल को भव्यता प्रदान की गई थी अग्रबन्धुओं द्वारा बाल मेल का भरपूर आनंद उठाया गया। मिडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने बताया 10 सितम्बर को स्वाद संग सजावट प्रतियोगिता होगी।

### स्वामी आत्मानंद विद्यालय में मना शिक्षक दिवस

**हरदीबाजार।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय हरदीबाजार में शिक्षक दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि चुलेश्वर राठौर अध्यक्ष, शाला प्रबंध एवं विकास समिति, विशिष्ट अतिथि के रूप में जगदीश अग्रवाल वरिष्ठ भाजपा नेता एवं व्यवसायी, श्रीमती अनुसूईया राठौर सदस्य एसएमडीसी, नवीन राठौर सदस्य एसएमडीसी उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. स्वाति सिंह तिर्की, पूर्व प्रभारी प्राचार्य गणेश सिंह कंवर व्याख्याता, श्रीमती बिमला राठौर उत्तम लाल डहरिया, प्रमोद कुमार राठौर, श्रीमती गायत्री राठौर, श्रीमती अदिति उपाध्याय, श्रीमती लक्ष्मी चंद्रा, श्रीमती कंचन शीला नायक, श्रीमती रीता सिंह, श्रीमती प्रियम्बा राजवाड़े, श्रीमती मल्लिका टंडन, श्रीमती फुलेश्वरी रात्रे, श्रीमती सीमा, सहायक शिक्षक विज्ञान छतराम सिदार, श्रीमती नीलिमा पांडेय, कार्यालय से अविनाश कौशिक आदि उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि एस.ई.सी.एल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा खातेदार अमोल साय पिता टिकैत (फौत) वारिसान- दुहन सिंह कंवर, मोहन कुंवर, फूलबाई, बुन्द कुंवर, मनमोहन सिंह कंवर पिता स्व. अमोलसाय उर्फ अमोल सिंह ग्राम खोड़री तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के भूमिस्वामी हक की ग्राम खोड़री तहसील दीपका स्थित भूमि ख.न. 98, 107/2, 128, 138, 204, 242/1च, 242/1ज, 258, 275/14, 292, 293, 336 कुल रकबा 2.156 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा क्षेत्र में अर्जित होने से खातेदार / खातेदारों द्वारा अर्जित भूमि के एवज में विजय शंकर पिता दुहन सिंह कंवर को रोजगार हेतु नामांकित कर नामांकन फार्म जमा किये जाने पर नामांकन सत्यापन किये जाने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 22/09/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 04/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका**

**न्यायालय तहसीलदार दीपका जिला कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि एस.ई.सी.एल कुसमुण्डा क्षेत्र द्वारा खातेदार अमोल साय पिता टिकैत (फौत) वारिसान- दुहन सिंह कंवर, मोहन कुंवर, फूलबाई, बुन्द कुंवर, मनमोहन सिंह कंवर पिता स्व. अमोलसाय उर्फ अमोल सिंह ग्राम खोड़री तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के भूमिस्वामी हक की ग्राम खोड़री तहसील दीपका स्थित भूमि ख.न. 98, 107/2, 128, 138, 204, 242/1च, 242/1ज, 258, 275/14, 292, 293, 336 कुल रकबा 2.156 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा क्षेत्र में अर्जित होने से खातेदार /खातेदारों द्वारा अर्जित भूमि के एवज में मीरा पिता मनमोहन सिंह को रोजगार हेतु नामांकित कर नामांकन फार्म जमा किये जाने पर नामांकन सत्यापन किये जाने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 22/09/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नही किया जावेगा।अतः आज दिनांक 04/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**दीपका**

## कटघोरा वनमंडल में 64 हाथियों का झुंड कर रहा है विचरण, केंदई वन परिक्षेत्र का मामला

# 12 हाथियों का झुंड घुस आया था बस्ती में, बाल-बाल बची लोगों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार हाथी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बताया जाता है कि एक दर्जन हाथियों का झुंड बीती रात को एक गांव के बस्ती में जा धमका था। इस बीच ग्रामीणों की जान अटकी हुई थी और सांस थमी हुई थी लेकिन इसी बीच वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह जंगली हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा गया और बस्ती के बीचोंबीच फंसे लगभग 8 से 10 ग्रामीणों को सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित स्थान में पहुंचाया गया।

बताया जाता है कि कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र में 38 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जिसमें से 12 हाथियों का झुंड बीती रात को केंदई वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लमना के टिहईपारा में देर रात जा धमका था।



हाथियों का झुण्ड।

हाथी बस्तियों के बीचों बीच विचरण कर रहा था और जोर-जोर से चिंघाड़ लगा रहा था। हाथियों के झुंड को बस्तियों के बीचोंबीच रास्ते में चलता देख ग्रामीणों के होश उड़ गए थे और ग्रामीणों ने किसी तरह इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। बस्ती में हाथियों के घूसने की सूचना पाते ही वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे दलबल सहित मौके पर पहुंचे और किसी तरह वन विभाग की टीम सर्च लाइट और सायरन बजाकर हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा गया और बस्ती के बीचों बीच से लगभग 8 से 10 ग्रामीणों को वहां से रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। लगभग 2 से 3 घंटे इस अभियान में वन विभाग की टीम लगी रही तब जाकर वन विभाग की टीम को यह सफलता मिली।

**64 हाथियों का झुंड कर रहा है विचरण**

कटघोरा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्र में 64 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। सबसे ज्यादा 38 हाथियों का झुंड दो अलग-अलग झुंडों में विभक्त होकर केंदई वन परिक्षेत्र में विचरण कर रहा है जबकि 12 हाथी एतमानगर रेंज में विचरण कर रहे हैं। जबकि 4 हाथियों को झुंड पसान में विचरण कर रहे हैं। इन दिनों खेती किसानी का काम जोरों पर है और हाथियों का झुंड लगातार खेतों में पहुंचकर किसानों की फसलों को चट कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों में लगातार आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

**रा.प्र.क. 202507051700005**
**/अ-6(अ)/2024-25**
**ग्राम मोंगरा प.ह.नं. 43**
**तहसील कटघोरा जिला कोरबा**

एतद् द्वारा आम जनता मौजा ग्राम मोंगरा प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. बांकी तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक भीष्म यादव पिता बेदराम जाति यादव, निवासी ग्राम जंगल साईड बांकीमोंगरा तहसील कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मोंगरा स्थित ख.नं. 512/5 रकबा 0.125 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेखों में भीष्म यादव पिता बेदराम ना.बा. के नाम पर दर्ज है। यह कि भीष्म यादव पिता बेदराम की आयु 25 वर्ष पूर्ण हो चुका है. वह पूर्णतः बालिग हो चुका है, तथा आवेदक भीष्म यादव पिता बेदराम ना.बा. को विलोपित कर सभी राजस्व अभिलेखों में बालिक दर्ज किये जाने के संबंध में आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 15/09/2025 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किये जाने दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 08/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया। स्थानः- कटघोरा

**नायब तहसीलदार, कटघोरा**

**न्यायालय तहसीलदार दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक इतवार साय पिता श्री समार साय जाति सतनामी साकिन पाली तहसील दीपका के द्वारा ग्राम पाली में आवेदक की माता हेमबाई पिता जेठू पति श्री समार साय के हक एवं स्वामित्व की भूमि ख.नं. 144/6, 150/3, 130/2 रकबा क्रमशः 0.077, 0.016, 0.016 हे. भूमि को एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा परियोजना द्वारा अर्जन कर लिए जाने से अर्जन के एवज में रोजगार मुआवजा राशि एवं अन्य सुविधा प्राप्त करने हेतु वंशवृक्ष सत्यापन करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किए है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 19/09/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक 04/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**तहसीलदार, दीपका**
**जिला-कोरबा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप



### जेबीडी कालेज में मनाया गया राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

**कटघोरा।** जय बूढ़ादेव कला एवं विज्ञान महाविद्यालय कटघोरा में प्राचार्य डॉ प्यारेलाल आदिले के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय परिसर पर स्वयंसेवकों को साक्षर रहना कितना आवश्यक है इसकी उपयोगिता बताई गई तथा अपने गांव क्षेत्र में सभी को साक्षर बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाने आग्रह किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्रीमती आरती कुर्रे के द्वारा छात्र-छात्राओं को विवाद समाधान की सहज त्वरित और विश्वास पूर्ण प्रक्रिया का एक प्रयास न्यायालय से बाहर समाधान का जन जागरूकता अभियान की जानकारी दी गई। जैसे पारिवारिक विवाद घरेलू हिंसा उपभोक्ता सेवा विवाद के मामले वसूली के मामले भूमि अधिग्रहण के मामले जो कि दोनों पक्ष कारों की बीच होगी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ कर्मचारी अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### एमजीएम विद्यालय में मना शिक्षक दिवस

**कोरबा।** एमजीएम विद्यालय बालको में शिक्षक दिवस समारोह मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्राचार्य फॉदर सन्नी जॉन ने सर्व पल्ली डॉ राधा कृष्णन के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। पश्चात अनेक रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। बच्चों ने टीचर की भूमिका निभाई। विद्यालय समिति द्वारा शिक्षकों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। बालको कंपनी द्वारा भी सभी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन सोम थवाईत ने किया।

### कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चतुर्थ प्रतीक्षा सूची जारी

**कोरबा।** प्रयास आवासीय विद्यालय जिला राजनांदगांव, बलरामपुर एवं बिलासपुर में वर्ष 2025-26 में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु आयोजित प्रवेश चयन परीक्षा का वर्गवार चतुर्थ प्रतीक्षा सूची जारी कर कॉउंसलिंग आयोजित की गई है। जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति एवं विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के बालक-बालिकाओं तथा अनुसूचित जाति वर्ग के बालक बालिकाओं हेतु 12 सितम्बर को कॉउंसलिंग आयोजित है। इसी प्रकार अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग एवं अल्प संख्यक वर्ग के बालक बालिकाओं हेतु 13 सितम्बर को कॉउंसलिंग निर्धारित की गई है। सम्बंधित वर्ग के छात्र-छात्राएं निर्धारित तिथि को सबेरे 10 से शाम 5 बजे तक प्रयास आवासीय विद्यालय सड्डू उरकुरा मार्ग, वीआईपी कॉलोनी के सामने उपस्थित होकर विद्यालय में प्रवेश हेतु कॉउंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

### विद्युत कंपनी अध्यक्ष फेडरेशन की बैठक स्थगित

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन 1 द्वारा विद्युत कंपनी अध्यक्ष को प्रस्तुत सात सूत्रीय ज्ञापन पर उपमहाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा कंपनी के अध्यक्ष डॉ.रोहित यादव के साथ मंगलवार को आयोजित बैठक स्थगित कर दी गई है। फेडरेशन के प्रांतीय प्रचार सचिव पवन दास ने बताया कि सोमवार की देर रात चेयरमेन कार्यालय से सूचना दी गई कि 9 सितंबर को मुख्यमंत्री द्वारा मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई है, जिसमें कंपनी अध्यक्ष भी शामिल होंगे। संगठन महासचिव आरसी चेट्टी को उप महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध) ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा अध्यक्ष की अनुपस्थिति में प्रबंध निदेशकों के साथ बैठक का सुझाव दिया गया, लेकिन महासचिव ने अध्यक्ष के साथ बैठक रखने का आग्रह किया गया, जिस पर प्रबंधन की ओर से बैठक की अगली तिथि शीघ्र सूचित करने के लिए आश्वस्त किया गया है।

# कस्तुरबा आवासीय विद्यालय में सीट बढ़ने से ग्रामीण छात्राओं का बढ़ेगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के सभी विकासखंड में चलने वाले कस्तुरबा आवासीय विद्यालय ग्रामीण अंचल के छात्राओं के लिए सुविधाजनक शिक्षण संस्थान के रुप में पहचाना जा रहा है। कोरबा और पाली ब्लॉक के आवासीय विद्यालय में प्रवेश को लेकर बढ़ते दबाव को लेकर इन दोनों विद्यालयों में सीट बढ़ाने के लिए दबाव बढ़ते जा रहा है। जिसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्र की प्रायमरी स्कूल से उत्तीर्ण होने के बाद अधिकांश अभिभावक अपनी लड़कियों को छात्रावास में प्रवेश दिलाने के लिए ब्लॉक मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय के अधिकारियों के चक्कर काटते रहते हैं। आदिम जाति कल्याण विभाग के अलावा समग्र शिक्षा विभाग के माध्यम से कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। सभी पांचों विकासखंड में संचालित आवासीय विद्यालय ग्रामीण अंचल के आर्थिक रुप से कमजोर छात्राओं के लिए सुविधाजनक साबित हुआ है। आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों पर पड़ रहे दबाव को देखते हुए इन विद्यालयों में सीट की संख्या बढ़ाने की मजबूरी हो गई है। कोरबा ब्लॉक में संचालित कस्तुरबा आवासीय विद्यालय में सबसे ज्यादा छात्राएं निवासरत हैं। जहां प्राथमिक शाला उत्तीर्ण छात्राओं को कक्षा 6वीं में प्रवेश दिया जाता है। इसके अलावा 9वीं के बाद 12वीं तक की छात्राएं भी उन विद्यालयों में निवास करती हैं जिनमें मिडिल स्कूल का संचालन विद्यालय के अंदर होता है तो वहीं कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्राओं को यहां रहने की सुविधा के साथ साथ स्थानीय शिक्षकों के द्वारा कोचिंग भी दी जाती है। समीप के हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रवेश दिलाया जाता है। सुविधाओं के विस्तार को देखते हुए अब इन विद्यालयों में सीट संख्या सौ से बढ़ाकर दो सौ करने की तैयारी चल रही है। इनमें कोरबा और पाली विकासखंड आवासीय विद्यालय में सीट संख्या दो सौ हो गई है। जिसमें सभी सीटें प्रवेश से भरी जा चुकी हैं उसके बावजूद इन दोनों आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए दबाव बढ़ने के कारण अतिरिक्त सीट बढ़ाने का प्रस्ताव विभाग स्तर पर लंबित है।

## कोरबा और पाली ब्लॉक के विद्यालय में प्रवेश के लिए बढ़ रहा दबाव

### विधायक लिख चुके हैं शिक्षा विभाग को पत्र

कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सीट की संख्या बढ़ाने को लेकर रामपुर विधानसभा के विधायक फूलसिंह राठिया ने स्कूल शिक्षा विभाग को पत्र लिखा है। श्री राठिया ने सभी आवासीय विद्यालयों में 50-50 सीटें अतिरिक्त बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि ग्रामीण अंचल के अधिकांश छात्राओं को आवासीय विद्यालय और छात्रावास में सीट कम होने के कारण प्रवेश से वंचित हो जाती है। जबकि आवासीय विद्यालयों में सभी तरह की सुविधाएं हैं जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के छात्राओं को मिलना है।

### इन आवासीय विद्यालयों में सौ सीटें

करतला, पोड़ीउपरोड़ा और कटघोरा ब्लॉक में ही कस्तुरबा आवासीय विद्यालय का संचालन होता है। जहां वर्तमान में सौ सीटों में ही प्रवेश मिल रहा है। इन विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का संचालन होता है। जहां की छात्राएं जिले से लेकर राज्य स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में अपना प्रदर्शन कर चुके हैं। आवासीय विद्यालयों में नाश्ता और खाने की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है।

## एनएचएम कर्मचारी संघ ने अनोखे अंदाज में जताया विरोध प्रदर्शन

# एनएचएम कर्मचारियों ने किया जल सत्याग्रह, निकाली मनोकामना रैली



मांगों को लेकर जल सत्याग्रह करते एनएचएम स्वास्थ्य कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलनरत स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने हसदेव नदी में उतर कर जल सत्याग्रह किया और मनोकामना रैली निकालकर अपनी आवाज बुलंद की। स्वास्थ्य कर्मियों ने साफ कह दिया है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

वेतन विषंगति और नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलनरत स्वास्थ्य कर्मचारियों की आवाज अब जोर पकड़ने लगी है। मंगलवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) कर्मचारी संघ की जिला इकाई ने अनोखे अंदाज में अपना विरोध दर्ज कराया। बड़ी संख्या में कर्मचारी हसदेव नदी के पानी में उतरकर खड़े हुए और अपनी लंबित मांगों को दोहराते हुए जल सत्याग्रह किया। इसके बाद सभी कर्मचारियों ने एक साथ मनोकामना रैली निकाली और मां सर्वमंगला को चुनरी भेंटकर सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की प्रार्थना की। संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि उनकी मुख्य मांगों में वेतन विसंगति का निराकरण, नियमितीकरण और अन्य सेवा संबंधी लाभ शामिल हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वर्षों से आंदोलन और ज्ञापन देने के बावजूद उनकी समस्याओं का हल नहीं निकला, जिससे अब वे शांतिपूर्ण लेकिन प्रतीकात्मक तरीके से संघर्ष को आगे बढ़ा रहे हैं। संघ का मानना है कि इस तरह के प्रदर्शन से सरकार का ध्यान उनकी समस्याओं की ओर अवश्य जाएगा। कर्मचारियों ने चेतावनी भी दी कि जब तक उनकी जायज मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### खास बात

- माँ सर्वमंगला को चुनरी भेंट कर की सरकार से अपनी मांगे पूरा करने की प्रार्थना

### मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन

उल्लेखनीय है कि आंदोलनरत स्वास्थ्य कर्मियों ने इसके पूर्व भी अनोखा प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया था। स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने खून से पत्र लिखकर सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की मांग की थी। स्वास्थ्य कर्मियों की हड़ताल लगातार जारी है। बारिश के बीच भी स्वास्थ्य कर्मी अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि जब तक लिखित में मांगों को पूरा करने संबंधी आश्वासन नहीं दिया जाएगा आंदोलन जारी रहेगा।

# युवक के अंतिम संस्कार की हो रही थी तैयारी, पैदल चलकर पहुंचा घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





नदी में युवक का मिला था शव एवं घर में बैठा हरिओम वैष्णव।

नदी किनारे 27 वर्षीय युवक की लाश मिली थी। लाश मिलने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे थे और शरीर पर बने निशानों के आधार पर परिजनों ने उसकी शिनाख्त भी कर ली थी और उसके शव को घर ले जाकर कफन दफन की तैयारी के लिए भी परिजनों को सूचना देने लगे थे लेकिन इस बीच ऐसा चमत्कार हुआ कि आप सोच नहीं सकते जब रात को परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था इसी बीच रोते बिलखते परिजनों के बीच जिस युवक की लाश समझ रहे थे वह टहलते हुए अपने घर जा पहुंचा। परिजन भी उसे देखकर भौचक्के रह गए और फिर क्या था अपने बेटे को जिंदा देख उनके होश उड़ गए और घर में एक बार फिर से लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी जिसके बाद परिजनों ने तत्काल इस पूरे वाकये की जानकारी पुलिस को दी।

मामला कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत के गेवरा बस्ती विश्रामपुर की है। यहां निवासरत हरीओम वैष्णव उम्र लगभग 27 वर्ष पिता हेमेश्वर वैष्णव बीते लगभग 4 दिन पूर्व अपने ससुराल दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत राजीव नगर सुधाकुटी गया हुआ था। फिर ससुराल से घर जाने निकला पर वह दोबारा घर वापस नहीं आया, परिजनों व रिश्तेदारों के द्वारा काफी खोजबीन के बाद हरिओम वैष्णव का कही कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद परिजनों के द्वारा नजदीक के थाने में सूचना दिया गया। इधर सोमवार की दोपहर बांकीमोंगरा थाना अंतर्गत डंगनिया नदी में एक शव मिलने की खबर मिली, जिसके बाद बांकीमोंगरा पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचकर शव को नदी से बाहर निकली और पहचान में जुट गई। इसी बीच हरिओम वैष्णव के गुमशुदगी की बात भी सामने आई जिस पर उसके पिता हेमेश्वर वैष्णव व साला सत्यवचन वैष्णव मौके पर पहुंचे और लाश की शिनाख्त लापता हरिओम वैष्णव के रुप में की गई। पुलिस द्वारा परिजनों के समक्ष मर्ग पंचनामा किया गया, उसके शव को बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया। हरि ओम के परिजन शव को लेकर कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत विश्रामपुर स्थित घर ले आए, जहां परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल होने लगा, आसपास और दूर दराज के रिश्तेदारों को इस घटना की सूचना दी जाने लगी, रिश्तेदार भी धीरे धीरे घर पहुंचने लगे। मंगलवार को अंतिम संस्कार होना था। इसी बीच आधी रात को हरिओम पैदल पैदल मुहल्ले की तरफ आता दिखा, मुहल्ले में बैठे लोगों ने जब पास से हरिओम को देखा तो भूत भूत कहकर भागने लगे, पर हरिओम ने कहा कि वो कोई भूत नहीं वह जिंदा है, ससुराल और घर वालों की किसी बात को लेकर वह नाराज होकर कही चला गया था, उसे वापस पाकर घर वालों के मायूस चेहरे पर खुशी लौट आई।

# माटी अधिकार मंच ने किया गेट जाम त्रिपक्षीय वार्ता पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कुसमुण्डा जीएम कार्यालय के सामने गेट जाम कर प्रदर्शन करते हुए।

माटी अधिकार मंच ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को एसईसीएल कुसमुंडा महाप्रबंधक कार्यालय का गेट जाम कर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान कुसमुंडा प्रबंधन ने माटी अधिकार मंच के अधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया, पर सहमति नहीं बन पाई। जिसके बाद प्रबंधन ने प्रशासन की उपस्थिति में त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित कर समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया।

मंगलवार को एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित भूविस्थापितों ने माटी अधिकार मंच के नेतृत्व में प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। धरना प्रदर्शन की सूचना मिलने पर महाप्रबंधक संचालन श्री राय के द्वारा वार्ता की पहल की गई, परंतु माटी अधिकार मंच के अध्यक्ष ब्रजेश श्रीवास के द्वारा यह कहकर वार्ता करने से मना किया गया कि 10 बिंदुओं की जो मांग पत्र सौंपी गई है। उसमें से अधिकांश विषय राज्य शासन से संबंधित है। प्रबंधन के द्वारा समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा सकता। किसी ठोस निर्णय पर पहुंचने हेतु जरूरी है कि, प्रशासन के अधिकारी की उपस्थिति में बैठक आयोजित की जाए। जिस पर प्रबंधन के द्वारा आना-कानी करने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा उपरांत 16 सितंबर से 20 सितंबर के बीच त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित करने की सहमति बनी। जिसमें एसडीएम कटघोरा, प्रबंधन के अधिकारी एवं संगठन के पदाधिकारियों के साथ ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

### पीजी कॉलेज में 12 को रोजगार मेला का होगा आयोजन

**कोरबा।** शासकीय पीजी कॉलेज में 12 सितम्बर को विभिन्न नियोजक कंपनियों में 500 से अधिक रिक्त पदों के लिए रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने रोजगार मेला के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से जिफसा, यूमोजा मार्केट प्लेस गुडगांव, वेक्टर फायनेंस प्राईवेट लिमिटेड रायपुर, आईसेक्ट पीएमकेके कोसाबाड़ी, टाटा.एआईए, लाईफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, वेदांता, सोनी मल्टी सर्विसेस एवं स्पंदना स्फूर्ति फायनेंशियल लिमिटेड जांजगीर जैसी कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। प्लेसमेंट कैंप में इश्योरेंस एडवाईजर, रियल स्टेट एडवाईजर, एडमिशन काउंसलर,बिजनेश डेव्वलपमेंट एक्जीक्यूटिव्ह, इंश्योरेंस एडवाईजर, इंश्योरेंस ऑफिसर, सिक्योरिटी गार्ड, कारपेंटर, बार बाईण्डर, सीआरओ, आईटी ट्रेनर, सेल्स एक्जीक्यूटिव्ह सेल्स एक्जीक्यूटिव्ह, रिसेप्शनिश्ट, फ्रंट ऑफिस एक्जीक्यूटिव्ह, बिजनेस एसोसिएट मैनेजर, लीडर मैनेजर, डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजर, फिटर, होटल मैनेजमेंट, क्रेडिट असिस्टेंट, कस्टमर रिलेशन एसोसिएट के 500 से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी

# मांगों पर नहीं बनी सहमति, तो एचएमएस ने बैठक का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आईआर की बैठक में मांगों को पूरा नहीं करने से एचएमएस के पदाधिकारियों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बैठक से बाहर निकल गए। एचएमएस के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि इसके पूर्व भी प्रबंधन से मांगों को लेकर चर्चा की गई थी, पर कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया गया। एचएमएस ने चेतावनी दी है कि एसईसीएल प्रबंधन को हड़ताल की नोटिस दी जाएगी और घेराव प्रदर्शन कर क्रमिक भूख हड़ताल किया जाएगा।

महाप्रबंधक, औद्योगिक संबंध एवं उनके सहयोगियों के द्वारा कर्मचारियों के मुद्दों पर सकारात्मक पहल न करने को लेकर श्रमिक संगठन एचएमएस द्वारा बैठक का बहिष्कार किया गया है। उल्लेखनीय है कि एसईसीएल कंपनी लेबल में साल में चार बैठक किया जाना निश्चित है, जिसके तहत मंगलवार को बैठक आयोजित की गई, जिसमें सालों से पेंडिंग मुद्दों पर सहमति बनने के बाद भी कार्यवाही नहीं किए जाने को लेकर महाप्रबंधक और औद्योगिक संबंध से चर्चा हो रही थी। इस दौरान महाप्रबंधक द्वारा गोलमोल जवाब दिया जा रहा था, जिसको लेकर एचएमएस के अध्यक्ष रेशम लाल यादव एवं महामंत्री नाथूलाल पाण्डेय के द्वारा कहा गया कि सालों साल से इस प्रकार नकारात्मक जवाब क्यों दिया जा रहा है। आपने किसी मुद्दे पर सहमति दी है तो उस पर कार्यवाही भी होनी चाहिए। चाहे वह प्रमोशन का मुद्दा हो चाहे सेलेक्शन का मुद्दा हो या सुरक्षा का मुद्दा। माइनिंग सरदार ओवरमैन के चार्जिंग अलाउंस का मुद्दा हो, हॉस्पिटलों में नर्सों की कमी का मुद्दा हो, ओवर टाइम के पूरा-पूरा भुगतान करने का मुद्दा हो, सभी में आप नेगेटिव उत्तर दे रहे हैं फिर ऐसी मीटिंग करने से क्या फायदा। तब महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध के द्वारा कहा गया कि ठीक है बैठक मत कीजिए। जिसके बाद उनके इस प्रकार के जवाब से श्रमिक संगठन एचएमएस के द्वारा बैठक का बहिष्कार करते हुए सभी पदाधिकारी बैठक हॉल से बाहर निकल गए। श्रमिक नेताओं ने एसईसीएल प्रबंधन के खिलाफ हड़ताल नोटिस देने का फैसला लिया गया जिसमें घेराव प्रदर्शन क्रमिक भूख हड़ताल आदि किया जाएगा।

# दूसरे दिन भी जीएम कार्यालय के मुख्य द्वार पर जारी रहा धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जीएम कार्यालय के मुख्यद्वार पर धरना देती भूविस्थापित महिलाएं।

एसईसीएल कुसमुण्डा खदान से प्रभावित भूविस्थापित महिलाओं ने मंगलवार को दूसरे दिन भी कुसमुण्डा जीएम कार्यालय के मुख्यद्वार पर धरना प्रदर्शन किया। भूविस्थापित महिलाएं दूसरे दिन भी खाट व बर्तन लेकर मुख्य द्वार पर पहुंची और बारिश के बीच धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान भूविस्थापित महिलाओं ने गेट के सामने ही भोजन बनाकर खाया। भूविस्थापित महिलओं का कहना है कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होंगी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

जमीन अधिग्रहण के बाद फर्जी तरीके से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा एसईसीएल में नौकरी किए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को दूसरे दिन भी भूविस्थापित महिलाओं का धरना प्रदर्शन जारी रहा। सोमवार की तरह मंगलवार को भी भूविस्थापित महिलाएं कुसमुंडा जीएम कार्यालय के गेट के सामने खाट लगाकर हड़िया-बर्तन रखकर रोजगार की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करते नजर आए। बारिश के बीच भी भूविस्थापित महिलाएं अपनी मांगों को लेकर अड़े रहे और धरना प्रदर्शन जारी रहा। इस दौरान भूविस्थापित महिलाओं और उनके परिवार के सदस्यों ने मुख्य द्वार के सामने ही भोजन बनाकर खाया और जमकर नारेबाजी की। महिलाओं व पुरुषों ने अपनी मांगों को बुलंद करते हुए एक बार फिर मोर्चा खोलकर कुसमुण्डा प्रबंधन के अधिकारियों को सख्ते में ला दिया है। भूविस्थापितों का कहना है कि हम रोजगार मुआवजा संबंधित मांगों को लेकर आवाज बुलंद कर रहे हैं। जब तक अधिकार नहीं मिल जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा। प्रभावित भूविस्थापित गोमती केवट सहित अन्य महिलाओं व उनके परिजनों ने कहा कि जब खदान के लिए उनकी जमीन ले ली गई है तो उनके परिवार को नौकरी क्यों नहीं मिली? गोमती केवट ने बताया कि उसके ससुर के खाता पर कोई दूसरा नौकरी कर रहा है जिसे वह नहीं जानती और परिवार से दूर-दूर तक कोई रिश्ता नहीं है पिछले बार भी गोमती केवट के आंदोलन के बाद संबंधित व्यक्ति के बारे में जांच पड़ताल कराई गई और इस बार उसके विरुद्ध आरोप पत्र जारी करते हुए कार्यवाही की जा रही है। एसईसीएल प्रबंधन की ओर से गोमती केवट को इस आरोप पत्र की जानकारी देते हुए फिलहाल गोमती केवट के आंदोलन को स्थगित करा पाने में प्रबंधन सफल रहा। हालांकि मंगलवार को भी गोमती केवट विरोध प्रदर्शन में शामिल हुईं और कहा कि मुझे प्रबंधन द्वारा कार्यवाही को लेकर 78 घंटे का समय दिया गया है। बावजूद इसके मैं अपनी साथियों व संगठन का साथ नहीं छोड़ सकती, यही वजह है कि मैं धरना प्रदर्शन में शामिल हूं।

***कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में जिले के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क जीवन सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु विभिन्न विकासखंडों में 11 से 18 सितंबर तक मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 11 सितंबर को मंगल भवन पाली, 12 सितंबर को सद्भावना भवन पोड़ी उपरोड़ा, 15 सितंबर को सद्भावना भवन कटघोरा में आयोजन किया जाएगा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

